हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस



विधानसभा अध्यक्ष ने माणा गांव का किया भ्रमण 3

वर्ष : 11 अंक : 132 देहरादून, शुक्रवार, 11 नवंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08

# बर्फ से ढकीं उत्तराखंड की वादियां, तापमान दारमा, व्यास घाटी में माइनस 11 डिग्री पहुंचा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

धारचूला (पिथौरागढ़) 10 नवम्बर। उत्तराखंड में गुरुवार को मौसम ने फिर करवट बदली। प्रदेश के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में जमकर हिमपात हुआ। शाम तक मुनस्यारी और धारचूला की पहाड़ियां बर्फ से ढक गईं। वहीं, हंसलिंग, राजरंभा, पंचाचूली में भी बर्फबारी हुई। उधर, दारमा और व्यास घाटी भी बर्फ की सफेद चादर में लिपटी नजर आईं।

पिथौरागढ़ में सुबह आसमान साफ था। दिन भर तेज धूप खिली रही। शाम को अचानक मौसम बदला। बर्फबारी होने के साथ ही जिला मुख्यालय पिथौरागढ़ सहित अन्य हिस्सों में बूंदा बांदी भी हुई। जिससे सीमांत इलाकों में ठंड भी बढ़ गई है।

चीन सीमा पर गुंजी व दारमा और व्यास घाटी के इलाकों में बुधवार देर रात से लगातार बर्फबारी हो रही है। दोनों घाटियों की अंतिम चौकियों में तापमान माइनस 11 डिग्री पहुंच गया है। जिससे ठंड काफी बढ़ गई है। वहीं, सीमांत के लोगो की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं।

दारमा घाटी के 14 गांव और व्यास घाटी के सात गांव में अभी कुछ परिवार गांव में ही रह रहे हैं। रोकांग प्रधान अंजू रोंकली और गुंजी सरपंच लक्ष्मी गुंज्याल ने बताया कि बुधवर रात से लगातार बर्फबारी हो रही है। गांव में लगभग छह इंच और चोटियों में एक फीट से अधिक बर्फबारी हुई है।

वहीं, ग्राम प्रधान जमन दताल ने बताया कि दारमा घाटी के दुग्तु सहित अन्य गांवो में छह इंच बर्फ जमी है। पंचाचूली बेस कैंप संचालन गणेश दुग्ताल ने बताया कि 15 नवम्बर के बाद बेस कैंप बंद हो जाएगा।

जिसके बाद 15 हजार फीट की ऊंचाई वाले इलाकों से सुरक्षा बल के जवान और ग्रामीण भी निचली घाटी की ओर आ जाएंगे। बता दें कि इस सीजन में अब तक अंतिम चौकियों में छठवीं और गांव में चौथी बार हिमपात हो चुका है।



## रेत लदे डंपर से कुचलकर स्कूटी सवार की दर्दनाक मौत

बागेश्वर, 10 नवम्बर। बागेश्वर में रेत से लदे बगैर नंबर प्लेट के डंपर की चपेट में आने से स्कूटी चला रहे युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक युवक की मौत डंपर से कुचलकर हुई है। हादसे में स्कूटी सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है। डंपर चालक की तलाश जारी है।

बुधवार रात करीब सवा दस बजे पिंडारी रोड में कठायतबाड़ा के पास बालीघाट की ओर से आ रहे डंपर ने सरयू पुल की ओर जा रही स्कूटी में टक्कर मार दी। डंपर के टायर की चपेट में आने से स्कूटी चला रहे महेश सिंह उर्फ मुकेश (27) पुत्र जगत सिंह मूल निवासी नेपाल, हाल निवासी ठाकुरद्वारा बागेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। उसका सिर डंपर के टायर से बुरी तरह से कुचल गया था। स्कूटी में सवार पवन सिंह (35) पुत्र सुंदर सिंह निवासी आरे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। कोतवाल ने डंपर की बॉडी से स्कूटी को टक्कर लगने और युवक के टायर से कुचलने की पुष्टि की है। बताया कि हादसे में शामिल डंपर में रेत भरा हुआ है। चालक की तलाश की जा रही है। बगैर नंबर प्लेट के डंपर संचालन पर उठ रहे सवाल लिखे जाने तक रेत के वैध या अवैध होने की पुष्टि नहीं हो सकी थी। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक रेत के वैध या अवैध होने की पुष्टि नहीं हो सकी थी।

रात में बगैर नंबर प्लेट के रेत भरे डंपर संचालन से पुलिस और परिवहन विभाग की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि देर रात बगैर नंबर प्लेट के डंपरों से अवैध खनन का खेल होता है। उन्होंने प्रशासन से कार्रवाई की मांग उठाई है।

## रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड की बैठक में सीएस ने दिए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 10 नवम्बर। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड के सम्बन्ध में बैठक हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी सम्बन्धित विभागों को स्वीकृत लक्ष्य के सापेक्ष अगले एक हफ्ते में सभी प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने प्रस्ताव वित्त को भेजे जाने के साथ ही डीपीआर नाबार्ड को भी भेज दी जाए, ताकि समय पर नाबार्ड की भी संस्तुति मिल सके।

मुख्य सचिव ने प्रत्येक सप्ताह और पाक्षिक रूप से प्रस्तावों की लगातार मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय सचिवों को आरआईडीएफ के अंतर्गत प्रस्तावों को विभागीय कैलेंडर से जोड़ते हुए स्वीकृति से लेकर डिस्बर्शमेंट तक निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने प्रोजेक्ट कम्प्लीशन रिपोर्ट्स भी शीघ्र जमा कराए जाने के भी निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द वर्द्धन, सचिव दिलीप जावलकर, वी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम एवं रविनाथ रमन सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।



## 29 नवंबर से पांच दिसंबर तक देहरादून में होगा विधानसभा का शीतकालीन सत्र



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 10 नवम्बर। उत्तराखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 29 नवंबर से पांच दिसंबर तक देहरादून विधानसभा में होगा। अपर सचिव विधायी महेश कौशिबा ने इसकी पुष्टि की है। उनके मुताबिक, सत्र आहूत करने की सूचना विधानसभा को भेज दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सत्र आहूत करने के प्रस्ताव को विचलन से मंजूरी दे दी है। 16 नवंबर को प्रस्तावित कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग जाएगी। बता दें कि विधायी विभाग ने 29 नवंबर से पांच दिसंबर तक विधानसभा सत्र आहूत करने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन से प्रस्ताव मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के पास गया। सीएम ने प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन दे दिया है। विधायी विभाग प्रस्ताव को मुख्यमंत्री की मंजूरी की सूचना विधानसभा सचिवालय को भेज दी है।

विपक्ष ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा में शीतकालीन सत्र कराने की मांग कर रहा था, लेकिन दो निर्दलीय और एक बसपा विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शीतकालीन सत्र देहरादून में कराने का अनुरोध किया था। तीनों विधायकों ने गैरसैंण में ग्रीष्मकालीन सत्र कराने का सुझाव दिया था।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रदेश सरकार अनुपूरक बजट का प्रस्ताव लेकर आएगी। इसके अलावा सत्र में महिला क्षैतिज आरक्षण का अध्यादेश, राज्य आंदोलनकारियों के क्षैतिज आरक्षण का संशोधित विधेयक समेत कई अन्य नियमावली, रिपोर्ट और लेखा प्रतिवेदन सदन पटल पर रखे जाएंगे।

मुख्यमंत्री के विचलन से मंजूरी के बाद विधानसभा सचिवालय को सत्र की तैयारी करने का समय मिल जाएगा। इस बीच 16 नवंबर को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में विधानसभा सत्र के प्रस्ताव की मंजूरी की औपचारिकता पूरी हो जाएगी।

# पेट की जिद्दी चर्बी कम करना है तो कीजिये ये 3 कार्डियक एक्सरसाइज

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 11 नवंबर , आप भागदौड़ और व्यस्तता भरी दिनचर्या में अगर अपनी सेहत और शरीर का मुकम्मल ध्यान नहीं रखते तो ये आने वाले समय में बड़ी मुसीबत हो सकती है। यही वजह है कि नतीजा मोटापा के रूप में सामने आता है। बढ़ता वजन लोगों को बेहद परेशान करता है। मोटापा कई क्रॉनिक बीमारियों का जोखिम बढ़ाता है। मोटापा की वजह से लोग कम उम्र में ही ब्लड शुगर, बीपी और थॉयराइड जैसी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। अगर मोटापा को कंट्रोल नहीं किया जाए तो इससे कई आर्गन को भी नुकसान पहुंच सकता है।

मोटापा बढ़ने के लिए हमारी डाइट, निष्क्रिय जीवन शौली और तनाव जिम्मेदार है। अगर आप अपने मोटापा से परेशान है तो बॉडी को एक्टिव रखें और डाइट पर कंट्रोल करें। बॉडी को एक्टिव रखने के लिए वॉक और एक्सरसाइज करें। अगर आपके पास जिम जाने का वक्त नहीं है तो आप घर में ही कुछ असरदार कार्डियों एक्सरसाइज कर सकते हैं। फिटनेस एक्सपर्ट के मुताबिक आप घर में ही कुछ सरल फंगशनल कार्डियों एक्सरसाइज को करके आसानी से वजन को कम कर सकते हैं। वजन कम करने के लिए आप ऐसी वर्कआउट करें जिन्हें आप लम्बे समय तक और आसानी से कर सकते हैं। वेट लॉस करने के लिए 20 मिनट तक की कार्डियों एक्सरसाइज बेहद असरदार साबित होती है। आइए जानते हैं कि घर में कौन-कौन सी आसान कार्डियक एक्सरसाइज कर सकते हैं।

**हाइनेक्स एक्सरसाइज से करें वजन को कंट्रोल:**

हाइनेक्स एक बेहद आसान और असरदार एक्सरसाइज है जिसमें आप बेहद आसान तरीके से अपनी एक-एक लैग को ऊपर नीचे करते हैं। एक बार राइट लैग को ऊपर करें फिर लेफ्ट लैग को ऊपर करें। इसमें आप हाथों की मूवमेंट भी कर सकते हैं। आप इस एक्सरसाइज को नॉर्मल स्पीड पर करें ताकि





आप ज्यादा मिनट तक एक्सरसाइज कर सकें। इस एक्सरसाइज को एडवांस बनाने के लिए आप जम्प भी कर सकते हैं।

**जम्पिंग जैक एक्सरसाइज करें: (Jumping Jack)**

इस एक्सरसाइज को करने के लिए आप सबसे पहले सीधे खड़े हो जाए और अपने दोनों हाथो को अपनी साइड पर ले जाए। दोनों पैरों के बीच डिस्टेंस रखें और कूदना शुरू कर दें। दौड़ने के लिए आप अपने पैरों को अपने कंधे की चौड़ाई से ज्यादा खोलें। इस एक्सरसाइज को करने से आपकी बॉडी को बेहद फायदा होता है। ये एक्सरसाइज वजन तेजी से घटाती है और मांसपेशियों को मजबूत करती है। पूरी बॉडी का फैट बर्न करने के लिए ये एक्सरसाइज बेस्ट है।

**साइक्लिंग (Cycling)**

बढ़ते वजन को कम करने के लिए आप साइक्लिंग कर सकते हैं। वेट लॉस करने के लिए साइक्लिंग सबसे बेस्ट एक्टिविटी है। नियमित रूप से साइक्लिंग करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। साइक्लिंग करके आसानी से पेट की चर्बी को कम किया जा सकता है।

# जिनके हाथ पर होते हैं ऐसे निशान उन्हें मिलता है राजयोग






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 11 नवम्बर , अक्सर हाथ की रेखाएं भविष्य से जुड़े कई अहम खुलासे करती हैं आपको आने वाले समय के बारे में सचेत भी करती हैं. बिल्कुल इसी तरह सामुद्रिक शास्त्र में भी बताया है कि किसी व्यक्ति के शरीर की बनावट, चिन्हों के आधार पर उसका भविष्य या व्यवहार पता किया जा सकता है. सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार मनुष्य के शरीर पर कुछ ऐसे चिन्ह मौजूद होते हैं जो कि यह बताने में मदद करते हैं कि आपका आने वाला समय कैसा होगा? आज हम हाथ पर मौजूद उन चिन्हों के बारे में बात करेंगे जो राजयोग का संकेत देते हैं.

**हाथ पर चक्र का निशान**

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार जिस व्यक्ति के हाथ पर चक्र का निशान होता है उसे बेहद ही सौभग्यशाली माना जाता है. कहते हैं कि ऐसे लोगों को समाज में मान-सम्मान और कार्यस्थल पर उच्च पद हासिल होता है. इनके जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती और यह लोग ऐशो आराम की जिंदगी जीते हैं.

**ध्वज या मकर का निशान**

सामुद्रिक शास्त्र में दी गई जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति के हाथ में ध्वज या मकर का चिन्ह होता है वह पैसों के मामले में काफी भाग्यशाली होते हैं और अमीर होते हैं. ऐसे लोगों को जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती.

**हथेली प तिल**

जिस व्यक्ति की हथेली पर तिल होता है वह किस्मत का धनी माना जाता है. ऐसे लोग बहुत धनवान होते हैं और मेहनत के दम पर पैसा कमाते हैं. इन लोगों को समाज में हमेशा मान-सम्मान प्राप्त होता है.

**यव का चिन्ह**

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार जिन लोगों के हाथ के अंगूठे पर यव का चिन्ह बना होता है वह बहुत धनवान होते हैं. ऐसे लोगों को पैसों की कभी कमी नहीं होती और यह अपनी जिंदगी में हर प्रकार की सुख—सुविधा का लाभ उठाते हु अपने सभी शौक पूरे करते हैं.

# विधानसभा अध्यक्ष ने माणा गांव का किया भ्रमण



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बद्रीनाथ 10 नवंबर , उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने बद्रीनाथ धाम पहुंच कर विशेष पूजा-अर्चना की उन्होंने यहां भगवान बद्री विशाल का आशीर्वाद लिया साथ ही प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की हैं।

बद्रीनाथ में बर्फबारी के बीच उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ने गर्भग्रह में भगवान के दर्शन किए। उन्होंने इस दौरान परिसर मे बद्रीनाथ की सभी पूजाओं में प्रतिभाग किया। विधानसभा अध्यक्ष अपने गढ़वाल के तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान बुधवार को भराड़ीसैंण में आयोजित राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद देर रात्रि बद्रीनाथ पहुंची थी।

विधानसभा अध्यक्ष ने विधिवत पूजा अर्चना एवं प्रदेश की उन्नति व खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अधिकारियों ने बद्रीनाथ धाम पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया एवं तुलसी माला, प्रसाद व बदरीनाथ के अंगवस्त्र भेंट किए।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए उनकी यात्रा का जायजा भी लिया। इसके बाद उन्होंने देश के अंतिम गांव माणा का भ्रमण किया और भोटिया जनजाति की महिलाओं से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी।

# पहली बार मुख्यमंत्री आवास में खिलेगा बुरांश



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 12 नवंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास परिसर में राजकीय वृक्ष बुंराश के पौधे का रोपण किया। सामान्यतः बुंराश ऊंचाई वाले स्थानों पर पाया जाता है। पहली बार मुख्यमंत्री आवास परिसर में बुंराश के पौधे का रोपण किया गया है। राजकीय उद्यान सर्किट हाऊस में भी मुख्यमंत्री के निर्देशों पर बुरांश के पौध रोपण किये गये हैं। इसके अलावा राजकीय उद्यान में बांज, देवदार, काफल, शहतूत, जामुन के पौधे भी लगाये जा रहे हैं।

# मसूरी विन्टरलाईन महोत्सव में होगी शानदार कार्यक्रमों की धूम, डीएम सोनिका ने दिए निर्देश




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 11 नवम्बर , जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में दिसंबर के आखरी सप्ताह में आयोजित होने वाले मसूरी विन्टरलाईन महोत्सव के आयोजन के संबंध में ऋषिपर्णा सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विन्टरलाईन महोत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विन्टरलाईन महोत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृखलाओं में प्रतिदिन के कार्यक्रम निर्धारित करने तथा महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों की सूची बनाने तथा कलैण्डरवार कार्यक्रम निर्धारत करने के निर्देश दिए। साथ ही स्टार कलाकारों एवं राज्य के लोक कलाकारों से संपर्क करते हुए कार्यक्रम में आमंत्रित करने तथा अन्य राज्यों के लोक कलाकारों को भी कार्यक्रम में प्रतिभाग करवाए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विन्टरलाईन महोत्सव में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं की रूपरेखा तैयार करते हुए कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जनभागीदारी के साथ ही स्कूली बच्चों से भी सुझाव प्राप्त करते हुए कार्यक्रम निर्धारित करने तथा स्थानीय उत्पादों सहित अन्य राज्यों के उत्पाद के स्टॉल भी कार्यक्रम में सम्मिलित करने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष मसूरी अनुज गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा, उप जिलाधिकारी मसूरी शैलेन्द्र नेगी, मुख्य कोषाधिकारी रोमिल चैधरी, एसई एमडीडीए एचसीएस राणा, जिला पर्यटन अधिकारी जसपाल चौहान , अधि0 अभि0 लोनिवि डीसी नौटियाल, अधि0 अधिकारी नगर पालिका परिषद मसूरी राजेश नैथानी, आईटीबीपी से धमेन्द्र भण्डारी संस्कृति विभाग से अनिल कुमार श्रीवास्तव व विजय भण्डारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# दिसंबर के आखिरी हफ्ते में होगा विंटरलाइन महोत्सव लोक कलाकार बिखेरेंगे जादू




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मसूरी विंटरलाइन महोत्सव में अबकी स्थानीय लोक कलाकारों संग दूसरे राज्यों के कलाकार भी जादू बिखेरेंगे। दिसंबर के आखिरी सप्ताह में आयोजित महोत्सव की तैयारियों को लेकर डीएम सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार में अफसरों संग बैठक लेकर कई निर्देश दिए।

डीएम ने आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रतिदिन के कार्यक्रम तय करने और प्रतिभाग करने वाले कलाकारों की सूची बनाने तथा कैलेंडरवार कार्यक्रम निर्धारित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि महोत्सव में स्टार कलाकारों एवं राज्य के लोक कलाकारों के साथ ही दूसरे राज्यों के लोक कलाकार भी शामिल हों। डीएम ने महोत्सव में कई स्थानों पर होने वाले कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं की रूपरेखा बनाते हुए महोत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में पालिकाध्यक्ष मसूरी अनुज गुप्ता, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) केके मिश्रा, एसडीएम मसूरी, शैलेंद्र नेगी, मुख्य कोषाधिकारी रोमिल चौधरी, एसई एमडीडीए एचसीएस राणा, जिला पर्यटन अधिकारी जसपाल चौहान, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता डीसी नौटियाल, ईओ मसूरी पालिका राजेश नैथानी, आईटीबीपी से धर्मेंद्र भंडारी, संस्कृति विभाग से अनिल कुमार श्रीवास्तव व विजय भंडारी आदि मौजूद थे।

# अपर निदेशक उद्यान आरके सिंह निलंबित, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत को सौंपी शिकायतों की जांच

देहरादून , 11 नवम्बर। उत्तराखंड के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय चौबटिया ( रानीखेत ) में तैनात अपर निदेशक आरके सिंह को निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने और कर्मचारियों को विभागीय काम में सहयोग न करने के लिए प्रेरित करने की शिकायतें थी। प्रारंभिक जांच में शिकायतें सही पाई जाने पर सचिव कृषि एवं उद्यान डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने निलंबन के आदेश जारी किए हैं। आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत को मामले की जांच सौंपी गई है। सिंह को आयुक्त कार्यालय में संबद्ध किया गया है। उत्तराखंड सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली के तहत यह कार्रवाई की है। साथ ही शासन ने आयुक्त कुमाऊं को जांच अधिकारी नियुक्त कर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है। विभाग के निदेशक की ओर से शासन को पत्र भेज कर अपर निदेशक पर विभाग की छवि धूमिल करने की शिकायत की गई थी। हाल में कुछ अधिकारियों की ओर से निदेशक को हटाने की मांग संबंधी हस्ताक्षर किया हुआ पत्र शासन को भेजा गया था। इसमें आरके सिंह भी शामिल थे। जब शासन ने हस्ताक्षर करने वाले अधिकारियों को नोटिस भेजा तो वे उन्होंने माना कि उनसे गलत हस्ताक्षर कराए गए थे।

# उत्तराखंड में आयुष्मान ने बनाया कीर्तिमान 10 अरब हुए खर्च

## 6 लाख से अधिक बार लाभार्थी ले चुके हैं मुफ्त उपचार की सुविधा

- मुफ्त उपचार पर अब तक प्रदेश सरकार के खर्च हो चुके हैं 10 अरब से अधिक
- प्रदेश में अब तक बन चुके हैं 48.82 लाख आयुष्मान कार्ड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 10 नवंबर , प्रदेश में चल रही आयुष्मान योजना के अंतर्गत अभी तक 6 लाख से अधिक बार लाभार्थी मुफ्त उपचार सुविधा का लाभ ले चुके हैं। और इस सब में प्रदेश सरकार की 10 अरब से अधिक की धनराशि खर्च हो चुकी है।

उत्तराखंड में आयुष्मान योजना की प्रगति देखी जाए तो अखिल भारतीय स्तर पर भी यह सम्मान जनक और गौरवान्वित करने वाली स्थिति है।राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा संचालित आयुष्मान योजना ने अभी अपने सफर के चार साल पूरा कर पाई है। लेकिन जन कल्याण की इस योजना की प्रगति उत्साहित करने वाली तो है ही अपेक्षाओं के अनुरूप हासिल होने के कारण संतोष जनक भी है। प्रदेश भर में अभी तक 48.82 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। वहीं 6 लाख से अधिक बार लाभार्थी योजना के अंतर्गत निशुल्क उपचार सुविधा का लाभ ले चुके हैं। इस सेवा पर प्रदेश सरकार का अभी तक 10 अरब से अधिक खर्च हो चुका है।

| जनपद | लाभार्थी | उपचार पर खर्च |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | 13139 | 21,24,37,330 |
| बागेश्वर | 5979 | 8,38,61,194 |
| चमोली | 19220 | 32,34,19,595 |
| चंपावत | 7146 | 12,06,66,206 |
| देहरादून | 178755 | 3,30,83,50,958 |
| हरिद्वार | 104533 | 2,20,41,00,615 |
| नैनीताल | 51944 | 68,89,18,652 |
| पौड़ी गढ़वाल | 50602 | 82,51,66,285 |
| पिथोरागढ़ | 15920 | 17,18,20,595 |
| रूद्रप्रयाग | 10980 | 21,55,09,524 |
| टिहरी | 36281 | 67,30,14,567 |
| उधम सिंह नगर | 87418 | 1,40,08,81,552 |
| उत्तरकाशी | 19428 | 36,71,15,546 |




# अखबार पर खाना रखकर खाने से हो सकती है ये खतरनाक बीमारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 11 नवंबर , अक्सर लोग खाना अखबार पर रखकर खाते हैं। लेकिन आप अपनी सुरक्षा के लिए सावधान रहें। खतरनाक बीमारियां इनसे निकलने वाले खतरनाक बायोएक्टिव तत्वों के कारण हो सकती हैं। बिना सोचे समझे अखबार में खाना लपेट कर अखबार पर ही खा लेते हैं। लेकिन क्या आप इसके दुष्परिणामों के बारे में जानते हैं। अखबार में खाना पैक करना या अखबार में खाना खाना सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है.

FSSAI यानी फूड सेफ्टी एंड स्टैन्डर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी कई बार ये बात कही है कि अखबार में लिपटा खाना स्वास्थ के लिए हानिकारक है। अखबार की छपाई में इस्तेमाल होने वाली स्याही का सेवन करने से जिस केमिकल को आप खा जाते हैं, उससे सबसे पहले पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं. इन केमिकल्स से हार्मोंस भी प्रभावित होते हैं.अखबार में लिपटा ऑयली खाना और भी खतरनाक हो जाता है.






इससे चिपककर जो हानिकारक तत्व पेट में जाते हैं, उनसे मूत्राशय और फेफड़ों का कैंसर भी हो सकता है.मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करता रहता है। खाना कितना भी स्वस्थ और साफ क्यों न हो, लेकिन अखबार के संपर्क में आते ही यह हानिकारक हो जाता है और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। अखबारों को छापने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली स्याही में कई खतरनाक बायोएक्टिव पदार्थ होते हैं, जो हमारे शरीर पर बहुत बुरा प्रभाव डालते हैं। ऐसे में अगर आप भी जल्दबाज़ी या लापरवाही में ऐसी गलती करते हैं तो आज ही सावधान हो जाइये क्योंकि जान है तो जहान है।

# बसंत विहार पुलिस ने चोरी के 60,000 रूपये सहित एक अभियुक्त किया गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 11 नवम्बर , देहरादून पुलिस ने बड़ी चोरी की घटना का खुलासा किया है। ये घटना बसंत बिहार के रहने वाले चंद्रपाल सिंह की शिकायत से जुडी है। जिनकी तहरीर के मुताबिक निर्माणाधीन मकान पर कार्य करने वाले एक मजदूर नीरज उर्फ सत्या, जिसका उनके घर पर उठना बैठना था। 7 नवंबर की सुबह उनके घर पर आकर घर से 60,000/ रुपये चोरी कर लिये है। लिखित शिकायत के बाद तत्काल सुचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

चोरी की घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून ने घटना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी लेने के बाद जल्द खुलासे के दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना बसंत बिहार ने एक टीम को इसके लिए लगा दिया।

गठित टीम द्वारा घटना के खुलासे हेतु घटना स्थल के आसपास व आने जाने वाले मार्गो पर लगभग 65 सीसीटीवी कैमरो की फुटेजो का अवलोकन किया गया तथा अभियुक्त के सम्बन्ध में जानकारी करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर की सूचना पर गुरूवार को पुलिस टीम द्वारा घटना में शामिल अभियुक्त नीरज उर्फ सत्या यादव को चोरी किए गए 60,000 /- रुपयो सहित शास्त्रीनगर से गिरफ्तार किया गया।



# राज्यपाल ने रायवाला में श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल का उद्घाटन किया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश 11 नवंबर , राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल, परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने रायवाला में श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल का उद्घाटन किया। इस अस्पताल में ट्रस्ट की ओर से मातृ एवं शिशु के उपचार से संबंधित सभी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जायेंगी। अस्पताल के शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि श्री सत्य सांई ट्रस्ट द्वारा सेवा व समर्पण का जो भाव दिखाया गया है वह अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। राज्यपाल ने कहा कि निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना सचमुच में पवित्र और नेक कार्य है। उन्होंने ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु निःशुल्क चिकित्सालय के शुभारंभ से इस क्षेत्र के निवासियों को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुगम बनाने पर विशेष जोर दिया





जाना जरूरी है। कई संस्थाएं इस ओर आगे आ रही हैं, अन्य सेवी संस्थाओं को भी इस तरह के पुनीत कार्यों में आगे आने को कहा।

राज्यपाल ने श्री सत्य सांई ट्रस्ट के इस विजन के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस दिशा में किए गए कार्य उत्तराखण्ड के ग्रामीण चिकित्सा सेवाओं के लिए वरदान साबित होगा। इस मौके पर उपस्थित कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचन्द्र अग्रवाल ने कहा कि परोपकारः पुण्यायः पापाय परपीड़नम। अर्थात परोपकार ही सबसे बड़ा धर्म है, पुण्य है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य सांई संजीवनी संस्था निष्काम भाव से सेवा कर रही है। निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार देकर हजारों की संख्या में मातृ एवं शिशुओं को लाभ दिया है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के माध्यम से जरूरमंदों की राह आसान होगी।

इस कार्यक्रम में विधायक रूड़की प्रदीप बत्रा, परमार्थ निकेतन के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती, श्री सत्य सांई संजीवनी संस्था के चेयरमैन सी.श्रीनिवास, ट्रस्टी विवेक गौड़, डॉ. ऋषिकेश, डॉ. उषा रतूडी सहित अन्य ग्रामीण व संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# यहाँ बुढ़ापे का कोई काम नहीं, दुनिया हैरान





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 11 नवम्बर , दुनियाभर में ऐसी कई जगहें हैं, जिनकी चर्चा वहां की महिलाओं की खूबसूरती की वजह से होती है। आज हम आपको एक ऐसी ही जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां की महिलाओं की खूबसूरती एक्ट्रेस को भी मात देती है। हम बात कर रहे हैं पडोसी मुल्क पाकिस्तान के काराकोरम की पहाड़ियों पर रहने वाले हुंजा जाति की, जो न केवल महिलाओं की खूबसूरती के लिए फेमस है। बल्कि, यहां की महिलाएं 65 साल की उम्र में भी बच्चे को जन्म देती हैं। और भी जानिए इनके बारे में.उत्तरी पाकिस्तान की काराकोरम की पहाड़ियों में बसे हुंजा जाति की महिलाओं की संख्या लगभग 87 हजार है। ये दिखने में अपनी उम्र से काफी कम नजर आती हैं।

हुंजा समुदाय के लोग फिजिकली और मेंटली बहुत स्ट्रॉन्ग होते हैं। यहां कि महिलाएं 65 साल की उम्र में भी बच्चे को जन्म देती हैं और इसमें उन्हें कोई परेशानी भी नहीं होती। वहीं इनके मर्द 90 साल में भी पिता बन सकते हैं।इस्लाम धर्म का पालन करने वाले इन लोगों की आयु भी सामान्य से बहुत अधिक हैं, इस जाति के लोग करीब 120 साल तक जिंदा रहते हैं।






# पति-पत्नी के बीच अनबन दूर करने के ये हैं 5 उपाय, वास्तुदोष को समझिये

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रोजमर्रा के दिनों में अचानक एक सामान्य सी घटना होती है लेकिन उसका असर ये होता है कि लम्बे समय तक पति-पत्नी का मुंह फूला रहता है। बीवी को उस वक़्त अपने पति की हर बात पर गुस्सा आता है तो वहीँ हस्बैंड भी बीवी को देखकर मुंह बिचकाता फिरता है। ये सिलसिला हांलाकि कुछ समय में ही खत्म हो जाता है लेकिन नाराज़गी की ये रस्साकसी अक्सर दाम्पत्य जीवन में कड़वाहट घोलती रहती है।

मनोवैज्ञानिक हों या साहित्यिक , वैचारिक जगत के लोग सबका यही कहना है कि हमारे जीवन में घटने वाली ऐसी घटनाओं के पीछे कहीं न कहीं वास्तुदोष भी ज़िम्मेदार होता है। जीवन में बिना किस बात के तकरार रहती है तो इसके पीछे वास्तु शास्त्र भी छिपा हो सकता है. ऐसे में लोगों को इन वास्तु शास्त्र के बारे में पता होना जरूरी है. जानते हैं इसके बारे में...

वैसे तो हर रिश्ता महत्वपूर्ण और जरूरी होता है लेकिन पति पत्नी का रिश्ता थोड़ा सा अलग और दिलचस्प होता है. ऐसे में पति-पत्नी चाहते हैं कि उनका यह रिश्ता मधुर और प्रेम पूर्ण बना रहे. लेकिन बिन बात के अक्सर पति पत्नी के जीवन में मनमुटाव आने लगता है. ऐसे में इसके पीछे कारण हो सकता है वास्तुशास्त्र. जी हां कभी-कभी वास्तुशास्त्र के कारण पति-पत्नी के जीवन में लड़ाईयां रहने लगती हैं. ऐसे में इन वास्तु शास्त्र के तरीकों के बारे में पता होना जरूरी है. आइये जानते हैं किन वास्तु टिप्स को अपनाकर पति-पत्नी के जीवन में मधुरता आ सकती है.






**वास्तु शास्त्र से जुड़े टिप्स**

1 - पति पत्नी को अपना बेडरूम एकदम साफ और स्वच्छ रखना चाहिए. वास्तु के अनुसार, यदि बैडरूम गंदा या स्वच्छ नहीं होता है तो इसके कारण भी पति-पत्नी के जीवन में मन मुटाव या तकरार आ सकती है. ऐसे में बेडरूम का साफ होना जरूरी है.

2 - यदि आपके बेडरूम में शीशा है तो भी शीशे को तुरंत हटाएं. इसके कारण भी पति-पत्नी के जीवन में तकरार आ सकती है. यदि आप शीशे को नहीं हटा पा रहे हैं तो ध्यान दें कि शीशा दरवाजे के पास या बेड के एकदम सामने नहीं होना चाहिए और अगर एकदम सामने है तो आप उस पर कपड़ा भी रख सकते हैं. इससे उसका दोष खत्म हो जाएगा....

3 - शादीशुदा जोड़े को कभी भी दो गद्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए. उन्हें हमेशा 1 एक गद्दे पर ही सोना चाहिए.

4 - व्यक्ति को अपने जीवन में मधुरता लाने के लिए लाल कपड़ों का चयन करना चाहिए. लाल कपड़े जीवन में प्रेम ला सकते हैं.5 - शादीशुदा जोड़े को हमेशा अपने बेड का आकार समान्य रखना चाहिए. अलग आकार का बेड बनाने से बचना चाहिए. इससे अलग गोलाकार बेड पर सोने से भी बचना चाहिए.

# आपके फ्लैट में न आ जाये ऐसी औरत, रहिये सावधान





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट, 10 नवम्बर। ये चौंकाने वाली खबर महाराष्ट्र की है लेकिन सबक हिंदुस्तान के हर परिवार के लिए है। ख़ास कर वो फैमिली जो एकाकी है या फ्लैट्स में जीवन गुजारते हैं। उन्हें मुंबई के बोरीवली के अपार्टमेंट में रहने वाले 59 साल की हिना वसारिया के संग हुयी घटना ज़रूर जाननी चाहिए। एक दिन जब वो अपने घर में सोई हुईं थीं, तभी अचानक घर में एक महिला घुस आई। बेडरूम में घुसते ही इस महिला ने एक नुकिली चीज़ से हिना पर हमला कर दिया। साड़ी पहनी इस महिला ने पहले पेट पर हमला किया और फिर छाती पर, हिना वसारिया मदद के लिए चिल्लाने लगीं। उन्होंने नीचे मौजूद कमलेश को आवाज़ दी। इतनी देर में हमला करने वाली महिला वहां से फरार हो गई,

**समाज में भरोसे के क़त्ल का बढ़ रहा चलन**

पुणे में रहने वाले हिना वसारिया के बेटे को खबर दी गई और वो घर लौटा। तब तक हिना की हालत थोड़ा ठीक हो गई थी। कमलेश और हिना का बेटा दोनों ही अस्पताल में हिना के साथ थे। पुलिस आयी, महिला का बयान लिया गया। पुलिस के सामने हिना ने चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने बताया कि हमला करने वाला कोई और नहीं बल्कि कमलेश है जो उन्हें अस्पताल लेकर आया। महिला की देखरेख करने वाला कमलेश हातिम ही उस दिन अपार्मेंट में आया था।

**साड़ी में आया बहरूपिया**

अब समझिए कैसे हुआ पूरा मामला। कमलेश ने ही हिना को मारने का प्लान बनाया। वो और साड़ी पहनकर और पूरा मेकअप करके औरत के भेष में अपार्टमेंट में घुसा और सोई हिना वसारिया पर हमला किया। जब वो कमलेश का नाम लेकर चिल्लाने लगीं तो महिला के भेष में बेडरूम में घुसा कमलेश वहां से बाहर निकल गया और दरवाजे को बाहर से लॉक कर दिया। ड्रॉइंग रूम पर कमलेश ने फटाफट अपनी साड़ी उतारी, मेकअप हटाया और अगले ही पल बेडरूम में दाखिल हो गया और हिना को संभालने की कोशिश करने लगा।

**महिला ने हमलावर को पहचाना**


कमलेश का प्लान तो एकदम सही था। उसे लगा कि शायद महिला की मौत हो जाएगी, लेकिन अस्पताल में इलाज के बाद वो ठीक हो गईं। सबसे बड़ी बात जब कमलेश साड़ी पहनकर हिना पर हमला कर रहा था तो उन्होंने कमलेश को पहचान लिया था, लेकिन उस वक्त वो चुप रहीं। उन्होंने बेहद समझदारी से काम लिया और कमलेश के सामने ये जाहिर ही नहीं होने दिया कि वो उसका असली रूप पहचान चुकीं हैं। बाद में बेटे के आने के बाद उन्होंने पूरी कहानी पुलिस को बताई।दरअसल कमलेश को हिना ने कुछ समय पर पांच लाख रूपये कर्ज के रूप में दिए थे, लेकिन अब जरूरत पड़ने पर भी कमलेश वो पैसा वापस नहीं लौटा रहा था। पैसे न लौटाने के चक्कर में इस शख्स ने अपनी ही मकान मालकिन को रास्ते से हटाने का प्लान बना लिया। पुलिस ने कमलेश हातिम को गिरफ्तार कर लिया है। न्यूज़ वायरस भी आपसे यही गुज़ारिश करता है कि अपने घर , फ़्लैट और आसपास ऐसे शातिर पड़ोसियों को पहचाने और उनसे सावधान रहे।

## संपादकीय

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विस्तार

हर वर्ष 10 नवंबर को विश्व विज्ञान दिवस मनाया जाता है. इसका उद्देश्य समाज में विज्ञान की भूमिका को रेखांकित कर जन सामान्य के बीच विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश के युवा वैज्ञानिकों के लिए आदर्श वाक्य रहा है- इनोवेट, पेटेंट, प्रोड्यूस एंड प्रॉस्पर. ये चार कदम हमारे देश को तेजी से विकास की ओर ले जायेंगे. उम्मीद है कि हमारे प्रतिभाशाली वैज्ञानिक अपनी लगन से नयी सहस्राब्दी की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की चुनौतियों का सामना करने और दुनिया में अपनी छाप छोड़ने में सफल होंगे. वह दिन दूर नहीं जब दुनिया हमें पूर्व की भांति धर्म जगत का गुरु कहने के साथ विज्ञान एवं तकनीकी का भी गुरु कहेगी और डॉ कलाम का भारत को अग्रणी राष्ट्रों की श्रेणी में लाने का सपना साकार हो सकेगा. विज्ञान और प्रौद्योगिकी के भारतीय परिप्रेक्ष्य को शब्दों में व्यक्त करना अत्यंत कठिन है. भारत ने स्वतंत्रता के 75 वर्षों में जैसा प्रदर्शन किया है, वह निश्चित ही प्रेरणादायी है. पर विकट प्रश्न यह है कि किस प्रकार प्रत्येक भारतीय नागरिक को शिक्षित, स्वस्थ तथा समृद्ध बनाया जाए? इसमें तनिक भी संशय नहीं है कि हम भारत के लोग दृढ़ संकल्प शक्ति से विज्ञान-प्रौद्योगिकी का सुनियोजित प्रयोग कर गरीबी, अशिक्षा का समूल नाश कर सकते हैं और ज्ञान के उस मानदंड को पुनः प्राप्त कर सकते हैं जिससे भारत विकसित तथा समृद्ध राष्ट्र बने. नये आविष्कारों को व्यवहार में कैसे लाया जाए, इस पर गहन अध्ययन जरूरी है. इक्कीसवीं सदी तकनीकी क्रांति की है और देश की ताकत सूचना क्रांति पर निर्भर है. विज्ञान से आम आदमी के जीवन में कैसे सुधार आ सकता है इस पर व्यापक विमर्श होना चाहिए. देश की दो-तिहाई आबादी गांवों में रहती है. ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का जीवन वैज्ञानिक तंत्र के माध्यम से ऊपर उठाया जा सकता है. बढ़ती आबादी को जनोपयोगी बनाने में विज्ञान अपनी भूमिका निभा सकता है. हम अभी तक आम आदमी में वैज्ञानिक चेतना का विकास नहीं कर पाये हैं. यदि हम भारत को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो हमें शोध पर जीडीपी बढ़ानी होगी. स्कूलों में मध्याह्न भोजन की तरह विज्ञान के उपकरण भी उपलब्ध कराने होंगे. प्रयोगशालाओं पर ध्यान देना होगा. वैज्ञानिक प्रतिभाओं को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध करा पलायन रोकना होगा. विज्ञान की तरफ छात्र आकर्षित हों इसके लिए बेहतर वातावरण बनाना होगा. छात्रों को छात्रवृत्ति का अधिकाधिक लाभ मिले यह सुनिश्चित करना होगा. यहां हम यूरोप, अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, जर्मनी जैसे देश से बहुत कुछ सीख सकते हैं.

# कांग्रेस ने जारी की गुजरात के 46 उम्मीदवारों की दूसरी सूची, इन्हें मिला टिकट



अहमदाबाद, 11 नवम्बर, एजेंसी। कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को देर रात गुजरात चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची भी जारी कर दी है। इस सूची में 46 उम्मीदवारों को टिकट बांटी गई है। इससे पहले पार्टी की ओर से जारी की गई पहली सूची में 43 उम्मीदवारों को टिकट दिया गया था।

कांग्रेस ने गुरुवार को गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में एक और पांच दिसंबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए 46 उम्मीदवरों की दूसरी सूची जारी कर दी। दूसरी सूची जारी होने के साथ ही पार्टी की ओर से अब तक घोषित किए गए उम्मीदवारों की कुल संख्या 89 हो गई है। कांग्रेस ने पिछले शुक्रवार को गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए 43 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी।

दूसरी सूची के उम्मीदवारों में भुज से अर्जनभाई भूडिया, जूनागढ़ से भीखाभाई जोशी, सूरत पूर्व से असलम साइकिलवाला, सूरत उत्तर से अशोकभाई पटेल शामिल हैं। वहीं वलसाड से कमलकुमार पटेल को चुनावी मैदान में उतारा गया है।

कांग्रेस पार्टी जनता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से बेदखल करने की मांग कर रही है। यहां भाजपा दो दशकों से अधिक समय से सत्ता में है। 182 सीट वाली गुजरात विधानसभा के लिए दो चरणों में चुनाव 1 दिसंबर और 5 दिसंबर को होंगे और वोटों की गिनती 8 दिसंबर को होगी।

# कर्नाटक : टीपू जयंती समारोह के दौरान कांग्रेस नेताओं ने लहराई तलवारें



बेंगलुरु, 11 नवम्बर, एजेंसी। टीपू सुल्तान की जयंती को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच विवाद लंबे समय से चल रहा है। इस बीच, गुरुवार को बेंगलुरु में टीपू जयंती समारोह के दौरान कई स्थानीय कांग्रेस नेताओं को तलवार लहराते देखा गया। आरोप है कि स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को कंटक की राजधानी के गुड्डाधल्ली में टीपू जयंती समारोह के दौरान तलवारें लहराईं। गौरतलब है कि राज्य नें धार्मिक या सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान हथियारों का प्रदर्शन या प्रयोग करने पर प्रतिबंध है। इसमें सार्वजनिक मंच पर तलवार लहराना भी शामिल है।

जानकारी के मुताबिक, इस कार्यक्रम में चामराजपेट से कांग्रेस विधायक बीजेड ज़मीर अहमद खान ने तलवार लेकर मीडियाकर्मियों से वार्ता की। हालांकि इस घटना को लेकर अब तक भाजपा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

गौरतलब है कि मैसूर पर टीपू सुल्तान का 17 वर्षों (1782-1799) तक राज रहा था। टीपू सुल्तान को मैसूर के टाइगर के रूप में जाना जाता है। टीपू सुल्तान को लेकर कई सालों से भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य दलों में विवाद रहा है। साल 2015 में भाजपा ने टीपू सुल्तान की जयंती मनाने की खिलाफत की थी।

भाजपा ने दावा किया था कि टीपू सुल्तान एक महान शासक नहीं था बल्कि उसने देश के बहुसंख्यक हिंदुओं पर बहुत जुल्म किए थे और उनका मतांतरण कराया था। जिसके बाद कांग्रेस ने भाजपा का विरोध किया था। बाद में साल 2017 में कांग्रेस शासन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 10 नवंबर को टीपू जयंती मनाने की घोषणा की थी। हालांकि भाजपा ने इसकी निंदा की थी। साल 2018 में उत्तर कन्नड़ सांसद और तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अनंतकुमार हेगड़े ने टीपू सुल्तान की जयंती मनाने के राज्य सरकार के फैसले की निंदा की।

# रामपुर में होगा उपचुनाव, चुनाव आयोग ने जारी किया संशोधित कार्यक्रम, कल से नामांकन

रामपुर, 11 नवम्बर, एजेंसी। रामपुर में अब उप-चुनाव कराया जाएगा। चुनाव आयोग ने संशोधित कार्यक्रम की अधिसूचना जारी कर दी है। सेशन कोर्ट द्वारा आजम खां की याचिका रद्द किए जाने के बाद चुनाव आयोग ने संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया। नामांकन शुक्रवार से ही होंगे। मतदान पांच दिसंबर को होगा।

नफरती भाषण देने के मामले में लोअर कोर्ट के फैसले पर स्टे के लिए आजम खां की अर्जी को बृहस्पतिवार को एमपी-एमएलए (सेशन ट्रायल) कोर्ट ने खारिज कर दिया है। साथ ही कोर्ट ने अभियोजन को शुक्रवार को आजम खां की अपील पर आपत्ति दाखिल करने के आदेश दिए हैं। आजम खां की अपील पर अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी।

सपा नेता आजम खां को 27 अक्तूबर को रामपुर की एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने नफरती भाषण देने के मामले में दोषी करार देते हुए तीन साल की कैद और छह हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। कोर्ट से तीन साल की सजा मिलने के बाद अगले दिन 28 अक्तूबर को उनकी विधायकी रद्द कर दी गई थी और रामपुर विधानसभा सीट को रिक्त घोषित कर दिया। इसके बाद चुनाव आयोग ने 05 नवंबर को रामपुर विधानसभा पर उप चुनाव कराने का एलान कर दिया था।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक : मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा

# चीन-अमेरिका के राष्ट्रपति के बीच अहम मीटिंग 14 नवंबर को, बाली में मिलेंगे जिनपिंग-बाइडन

बाली, 11 नवम्बर, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते अहम मुलाकात करेंगे। दोनों के बीच 14 नवंबर को इंडोनेशिया के बाली में मुलाकात होगी। इस दौरान अमेरिका और चीन के बीच बातचीत जारी रखने और आपसी संबंधों को और गहरा करने के प्रयासों पर चर्चा होगी। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में दोनों देश एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करने और प्रतिस्पर्धा का प्रबंधन करने पर भी बात करेंगे। व्हाइट हाउस के मुताबिक, दोनों देशों के विकास और भलाई के लिए जहां जरूरी होगा, मिलकर काम करने जैसे मुद्दों पर भी बात होगी।

यह मुलाकात दोनों देशों के बीच खटास भरे रिश्तों के बीच हो रही है। प्रेस सचिव कारीन जीन-पियरे ने कहा कि दोनों नेता कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। जनवरी 2021 में बाइडन के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली व्यक्तिगत मुलाकात होगी। दोनों नेताओं ने फोन पर पांच बार बात की है।

एक अमेरिकी नेता के साथ शी की आखिरी आमने-सामने मुलाकात जून 2019 में हुई,



जब वह पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ एक समझौते को अंतिम रूप दिया था। इसे मुलाकात के छह महीने बाद व्यापार समझौता हुआ था। दुनिया भर में फैले कोविड -19 के रूप में द्विपक्षीय संबंध खराब होते गए।

जुलाई के अंत में दो घंटे की कॉल के दौरान बाइडन और शी ने चर्चा की। इसके बाद हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। चीन ने पेलोसी के खिलाफ प्रतिबंध लगाए और द्वीप के चारों ओर लाइव-फायर सैन्य अभ्यास शुरू किया। बीजिंग ने हस्तक्षेप न करने के लिए भी बाइडन को जिम्मेदार ठहराया।

शी ने नशीले पदार्थों और जलवायु सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अमेरिका के साथ बातचीत बंद कर दी। अमेरिका की ओर से ने बार-बार यह सुझाव दिया गया कि चीन द्वारा हमला किए जाने पर अमेरिका ताइवान की रक्षा करेगा। इससे चीन और नाराज हो गया। ऐसे में यह मुलाकात दोनों देशों के लिए काफी अहम है। इससे दोनों देश अपने बीच के मुद्दों को सुलझा सकते हैं।

**पुतिन जी-20 शिखर सम्मेलन में नहीं लेंगे हिस्सा**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इंडोनेशिया में अगले सप्ताह होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेंगे। जी-20 सम्मेलनों के 'चीफ ऑफ सपोर्ट' प्रमुख लुहुत बिनसर पंडजैतन ने कहा कि पुतिन का सम्मेलन में शामिल नहीं होने का निर्णय हम सभी के लिए सबसे अच्छा है। माना जा रहा है कि ऐसा यूक्रेन में युद्ध पर अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ संभावित टकराव से बचने के लिए किया गया है।

# सेमीफाइनल में भारत की शर्मनाक हार, इंग्लैंड ने 10 विकेट से रौंदा, पाकिस्तान से फाइनल

एडिलेड, 11 नवम्बर, एजेंसी। इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट से हरा दिया है। उसने 169 रन के लक्ष्य को बिना विकेट गंवाए ही हासिल कर लिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब इंग्लैंड की टीम ने 16 ओवर में बिना किसी नुकसान के 170 रन बना लिए। इंग्लैंड के लिए एलेक्स हेल्स ने 47 गेंद पर नाबाद 86 रन बनाए। कप्तान जोस बटलर ने 49 गेंद पर 80 रन की पारी खेली। भारत के छह में से चार गेंदबाजों ने 10 से ज्यादा की इकोनॉमी रेट से रन दिए।

रोहित शर्मा ने कहा, "आज का दिन काफी निराशाजनक रहा। हमने अंतिम ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी की। हम बेहतर गेंदबाजी नहीं कर सके। यह पूरी तरह नॉकआउट मैचों में दबाव झेलने का मामला था। सभी खिलाड़ी इस स्थिति को समझने के लिए काफी क्रिकेट खेल चुके हैं। कई खिलाड़ी आईपीएल के दौरान दबाव वाले मैच खेल चुके हैं। हम गेंदबाजी के दौरान दबाव में दिखे। उनके ओपनर (जोस बटलर और एलेक्स हेल्स) को इसका श्रेय देना होगा। दोनों ने शानदार बल्लेबाजी की। मुझे लगता है कि पहले ओवर से स्विंग मिल रही थी, लेकिन सही दिशा में हमने गेंदबाजी नहीं की। हमने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में दबाव को झेला। बांग्लादेश के खिलाफ भी कुछ ऐसा हुआ था, लेकिन आज हम ऐसा नहीं कर सके।"

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन बनाए। इंग्लिश टीम को 169 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य मिला है। टीम इंडिया के हार्दिक पांड्या ने सबसे ज्यादा 63 रन बनाए। उन्होंने 33 गेंद की पारी में चार चौके और पांच छक्के लगाए। हार्दिक आखिरी गेंद पर हिटविकेट आउट हुए। उनके अलावा विराट कोहली ने 40 गेंद पर 50 रन की पारी खेली। भारत ने आखिरी पांच ओवर में 68 रन बनाए।

हार्दिक और कोहली के अलावा कोई भी बल्लेबाज भारत के लिए बड़ी पारी नहीं खेल पाया। कप्तान रोहित शर्मा अच्छी शुरुआत के बाद 27 रन बनाकर आउट हो गए। सूर्यकुमार यादव ने 14 रन बनाए। ऋषभ पंत छह और




केएल राहुल पांच रन बनाकर आउट हुए। रविचंद्रन अश्विन एक भी गेंद खेले बगैर शून्य पर नाबाद रहे। इंग्लैंड के लिए क्रिस जॉर्डन ने चार ओवर में 43 रन देकर तीन विकेट लिए। क्रिस वोक्स और आदिल रशीद ने एक-एक सफलता अपने नाम की।

# दक्षिण भारत की पहली हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत को पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी, यात्रा में लगेगा कम समय

बेंगलुरु, 11 नवम्बर, एजेंसी। मैसूर से चेन्नई जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को पीएम मोदी शुक्रवार को बेंगलुरु में हरी झंडी दिखाएंगे। यह दक्षिण भारत की पहली सेमी-हाई स्पीड ट्रेन होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार बेंगलुरु से चेन्नई के लिए शताब्दी एक्सप्रेस, बृंदावन एक्सप्रेस और चेन्नई मेल जैसी कई ट्रेनें हैं। हालांकि स्पीड और सुविधाओं के मामले में इस लाइन पर अपने आप में एक अनोखी ट्रेन होगी।

रेलवे अधिकारी ने बताया कि यह ट्रेन 160 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चल सकती है। ट्रेन चेन्नई से बेंगलुरु का सफर सिर्फ 3 घंटों में पूरा करने की क्षमता रखती है। रेलवे ने बताया कि चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री ने वंदे भारत ट्रेन में इंटेलिजेंट ब्रेकिंग सिस्टम लगाया है, जिससे ट्रेन की स्पीड को बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। रेलवे ने कहा कि इस ट्रेन के सभी कोच में आटोमेटिक दरवाजे, विजुअल इंफार्मेशन सिस्टम , वाई-फाई सिस्टम और आरामदायक सीट की सुविधाएं है।

**एक हजार से अधिक यात्री कर सकेंगे यात्रा**

वंदे भारत ट्रेन में 16 कोच हैं, जिसमें 1128 यात्री सवार हो सकते हैं। यह ट्रेन बुधवार को छोड़कर सप्ताह में सभी दिन चेन्नई, बेंगलूरू और मैसूर के बीच चलेगी। वंदे भारत ट्रेन मैसूर से चेन्नई की 504 किमी के दूरी करीब 6 घंटे 40 मिनट में पूरी कर लेगी। इस ट्रेन में सफर करने की कीमत शताब्दी से मंहगी रहेगी। वंदे भारत ट्रेन की एक और खासियत है। दरअसल, आमतौर पर ट्रेन का वजन 1400 से 1500 टन के बीच होता है, लेकिन इस ट्रेन का वजन करीब 850 टन ही है।

पीएम मोदी वंदे इस दौरान भारत ट्रेन के अलावा बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 का भी उद्घाटन करेंगे। टर्मिनल-2 लगभग पांच हजार करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। बता दें कि हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 को गार्डन सिटी आफ बेंगलुरु के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में डिजाइन किया गया है।

